**भारतीय स्टेट बैंक**
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कॉरपोरेट केन्द्र, मुम्बई
(फोनः 022-2282 0427; फैक्सः 022-2282 0411; ई-मेलः crpd@sbi.co.in)

SBI

# भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती

## (विज्ञापन संख्या CRPD/SCO/2017-18/07)

1. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण करने की तिथिः **16.01.2018 से 04.02.2018**
2. शुल्क का ऑनलाइन से भुगतान करने की तिथि: **16.01.2018 से 04.02.2018**
3. भारतीय स्टेट बैंक, केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई को ऑनलाइन आवेदन की हार्ड प्रति और साथ में अनुलग्नक प्राप्त होने की अंतिम तिथि: **12.02.2018**

भारतीय स्टेट बैंक विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों के निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति करने हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** से ऑनलाइन आवेदन करें।

1. इस परियोजना के अंतर्गत एक उम्मीदवार एक से ज्यादा पदों के लिए आवेदन कर सकता /सकती है।
2. आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूर्ण होगी जब शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि को या उससे पूर्व निर्धारित शुल्क ऑनलाइन के माध्यम से बैंक में जमा करा दिया गया हो।
3. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले, वे यह सुनिश्चित कर लें कि पात्रता की तिथि को वे संबंधित पद हेतु पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। उम्मीदवारों की शार्ट लिस्टिंग और उनका साक्षात्कार दस्तावेजों के मूल प्रति से सत्यापन के बिना पूर्ण रूप से अनंतिम होगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार से पूर्व अपने विवरणों/दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा।
4. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है वह पात्रता मानंदड (आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता है, तो उसे न तो साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहने की अनुमति दी जाएगी, न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी।
5. उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि विवरण और अद्यतनों के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** नियमित रूप से देखें (शॉर्टलिस्टेड/पात्र उम्मीदवारों की सूची सहित) कॉल लेटर/सलाह, जहां आवश्यकता है केवल ईमेल द्वारा भेजी जाएगी। (कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी।)

### विभिन्न पदों से संबंधित रिक्त-पदों और अन्य विवरणों की जानकारी

| पद क्रम संख्या | पद | उपयोगकर्ता विभाग | श्रेणी | रिक्त-पद | | | | | | | | 30.06.2017 को आयु | | 30.06.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 30.06.2017 को निर्धारित उपयुक्त पूर्णकालिक योग्यता पश्चात अनुभव और कौशल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | सामान्य | ओबीसी | एससी | एसटी | ओएच | एचआई | वीआई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1 | प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | सीएजी | एमएमजीएस-III | 12 | 6 | 3 | 2 | 1 | 1 | | | 25 | 35 | सीए या एमबीए/ पीजीडीएम या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) वित्त में (संस्थान सरकारी निकायों/ एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त / अनुमोदित होने चाहिए) | एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक/ सहयोगी या एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक की सहायक कंपनी में पर्यवेक्षी/ प्रबंधन भूमिका में एक कार्यकारी के रूप में कॉर्पोरेट/एसएमई क्रेडिट में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एमएमजीएस-III के लिए) और न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एसएमजीएस-IV के लिए)<br>या<br>एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में।<br>उच्च मूल्य क्रेडिट का अनुभव आवश्यक है।<br>अनुभव या तो मूल्यांकन या रखरखाव कार्यों में होना चाहिए। |
| 2 | मुख्य प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | सीएजी | एसएमजीएस-IV | 6 | 2 | 3 | 1 | | | | | 25 | 38 | | |
| 3 | प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एमसीजी | एमएमजीएस-III | 16 | 8 | 4 | 3 | 1 | | 1 | | 25 | 35 | सीए या एमबीए/ पीजीडीएम या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) वित्त में (संस्थान सरकारी निकायों/ एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त / अनुमोदित होने चाहिए) | एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक/ सहयोगी या एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक की सहायक कंपनी में पर्यवेक्षी/ प्रबंधन भूमिका में एक कार्यकारी के रूप में कॉर्पोरेट/एसएमई क्रेडिट में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एमएमजीएस-III के लिए) और न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एसएमजीएस-IV के लिए)<br>या<br>एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में।<br>उच्च मूल्य क्रेडिट का अनुभव आवश्यक है।<br>अनुभव या तो मूल्यांकन या रखरखाव कार्यों में होना चाहिए।<br>**विशिष्ट कौशल की आवश्यकता:** बैलेंस शीट का विश्लेषण/क्रेडिट प्रस्ताव का मूल्यांकन, क्रेडिट मॉनिटरिंग आवश्यक है। |
| 4 | मुख्य प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एमसीजी | एसएमजीएस-IV | 24 | 10 | 7 | 5 | 2 | 1 | | 1 | 25 | 38 | | |
| 5 | प्रबंधक (परिसंपत्ति प्रबंधन) | एसएआरजी | एमएमजीएस-III | 2 | 1 | 1 | | | | | | 25 | 35 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एमएमजीएस-III के लिए) और न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एसएमजीएस-IV के लिए) पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में (अनुभव विशेषज्ञता के संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए);<br>क) एक अनुसूची वाणिज्यिक में बैंक या<br>ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में।<br>और<br>कॉर्पोरेट/एसएमई क्रेडिट में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।<br>**विशिष्ट कौशल की आवश्यकता:** एनपीए के समाधान में एक्सपोजर आवश्यक। |
| 6 | मुख्य प्रबंधक (परिसंपत्ति प्रबंधन) | एसएआरजी | एसएमजीएस-IV | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 38 | | |

(पृष्ठ 2 पर जारी)

| पद क्रम संख्या | पद | उपयोगकर्ता विभाग | श्रेणी | रिक्त–पद | | | | | | | | 30.06.2017 को आयु | | 30.06.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 30.06.2017 को निर्धारित उपयुक्त पूर्णकालिक योग्यता पश्चात अनुभव और कौशल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | सामान्य | ओबीसी | एससी | एसटी | ओएच | एचआई | वीआई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 7 | मुख्य प्रबंधक (व्यवसाय विकास, विपणन और एमआईएस रिपोर्टिंग) | एसएमईबीयू | एसएमजीएस-IV | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | | | | 25 | 38 | सीए या एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (संस्थान सरकारी निकायों/ एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एमएमजीएस–III के लिए) और न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एसएमजीएस–IV के लिए) पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में (एसएमई क्रेडिट की हैंडलिंग का अनुभव होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक में बैंक या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। |
| 8 | प्रबंधक (व्यवसाय विकास और विपणन) | एसएमईबीयू | एमएमजीएस-III | 20 | 9 | 5 | 4 | 2 | | | | 25 | 35 | | |
| 9 | प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एसएमईबीयू | एमएमजीएस-III | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | | | | 25 | 35 | | |
| 10 | प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | आईबीजी | एमएमजीएस-III | 2 | 1 | 1 | | | | | | 25 | 35 | सीए/आईसीडब्ल्यूए/ एसीएस/एमबीए/ पीजीडीएम या समकक्ष स्नातकोत्तर वित्त में डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम (संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में (अनुभव विशेषज्ञता के प्रासंगिक क्षेत्र में होना चाहिए) न्यूनतम 5 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव; क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। |
| 11 | मुख्य प्रबंधक (रिलेशनशिप और सिंडिकेशंस प्रबंधन) | आईबीजी | एसएमजीएस-IV | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 38 | सीए/ईसीडब्ल्यूए/ एसीएस/एमबीए/ पीजीडीएम या समकक्ष स्नातकोत्तर वित्त में डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम (संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में (अनुभव विशेषज्ञता के प्रासंगिक क्षेत्र में होना चाहिए) न्यूनतम 8 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव; क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। **विशिष्ट कौशल की आवश्यकता:** अच्छे विपणन और सॉफ्ट स्किल्स, दीर्घकालिक ऋण मूल्यांकन प्रक्रिया को समझना। |
| 12 | प्रबंधक (उच्च मूल्य कृषि व्यवसाय विकास) | एबीयू | एमएमजीएस-III | 4 | 2 | 1 | 1 | | | | | 25 | 35 | ग्रामीण विपणन/ ग्रामीण प्रबंधन में एमबीए/पीजीडीएम या स्नातकोत्तर डिग्री/ कृषि में स्नातकोत्तर (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एमएमजीएस–III के लिए) और न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एसएमजीएस–IV के लिए) (अनुभव संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए, अर्थात कृषि बैंकिंग); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। कृषि ऋण में अनुभव होने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 13 | मुख्य प्रबंधक (उच्च मूल्य कृषि व्यवसाय विकास) | एबीयू | एसएमजीएस-IV | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 38 | | |
| 14 | मुख्य प्रबंधक (डेबिट कार्ड व्यवसाय) | डीबी और एनबी | एसएमजीएस-IV | 1 | | 1 | | | | | | 25 | 38 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (अनुभव डेबिट कार्ड व्यवसाय के क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक कार्ड नेटवर्क या भुगतान एग्रीगेटर्स। **डेबिट कार्ड पोर्टफोलियो प्रबंधन, उत्पाद अभिनव, कार्ड सक्रियण प्रबंधन आदि में अनुभव रखने वाले उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी।** |
| 15 | प्रबंधक (मर्चेंट अधिग्रहण व्यवसाय) | डीबी और एनबी | एमएमजीएस-III | 2 | 1 | 1 | | | | | | 25 | 35 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (अनुभव मर्चेंट अधिग्रहण व्यवसाय के क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) मर्चेंट अधिग्रहण व्यवसाय प्रदान करने के लिए एक प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता। |

**(पृष्ठ 3 पर जारी)**

| पद क्रम संख्या | पद | उपयोगकर्ता विभाग | श्रेणी | रिक्त–पद | | | | | | | | 30.06.2017 को आयु | | 30.06.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 30.06.2017 को निर्धारित उपयुक्त पूर्णकालिक योग्यता पश्चात अनुभव और कौशल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | सामान्य | ओबीसी | एससी | एसटी | ओएच | एचआई | वीआई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 16 | मुख्य प्रबंधक (डिजिटल बैंकिंग) | डीबी और एनबी | एसएमजीएस-IV | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 38 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (अनुभव डिजिटल और अन्य टेक उत्पाद के क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक कार्ड नेटवर्क या भुगतान एग्रीगेटर्स। **जो उम्मीदवार नवीनतम डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म, चैनल और यूपीआई प्लेटफॉर्म में अनुभव रखते हैं उन्हें वरीयता दी जाएगी।** |
| 17 | प्रबंधक (एचएनआई विपणन और प्रचार) | पीबीबीयू | एमएमजीएस-III | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 35 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एमएमजीएस–III के लिए) और न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एसएमजीएस–IV के लिए) (अनुभव विशेषज्ञता के संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। **विशिष्ट कौशल की आवश्यकता:** विपणन/वित्त/आईटी |
| 18 | मुख्य प्रबंधक (उत्पाद विकास और प्रबंधन: शिक्षा ऋण) | पीबीबीयू | एसएमजीएस-IV | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 38 | | |
| 19 | मुख्य प्रबंधक (उत्पाद विकास और प्रबंधन: सीआईटीयू) | पीबीबीयू | एसएमजीएस-IV | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 38 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एमएमजीएस–III के लिए) और न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (एसएमजीएस–IV के लिए) (अनुभव विशेषज्ञता के संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। **विशिष्ट कौशल की आवश्यकता:** विपणन/वित्त/आईटी |
| 20 | मुख्य प्रबंधक (उत्पाद विकास और प्रबंधन: परिचालन) | पीबीबीयू | एसएमजीएस-IV | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 38 | | |
| 21 | प्रबंधक (एचएनआई बैंकिंग और रिलेशनशिप प्रबंधन) | पीबीबीयू | एमएमजीएस-III | 8 | 4 | 2 | 1 | 1 | | | 1 | 25 | 35 | | |
| 22 | प्रबंधक (डिजिटल विपणन) | आरईएच–ईबीयू | एमएमजीएस-III | 2 | 1 | 1 | | | | | | 25 | 35 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जो विपणन में विशेषज्ञता के साथ डिग्री प्राप्त करते हैं। संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित होने चाहिए) अन्य योग्यता: एक्सेल, पावरपॉइंट, डिजिटल मार्केटिंग (अनिवार्य) डिजिटल मार्केटिंग सर्टिफिकेट जैसे कि गूगल ऐडवर्ड्स (सर्च एवं डिस्प्ले), गूगल एनालिटिक्स आदि (अधिमानतः) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (अनुभव विशेषज्ञता के संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। **विशिष्ट कौशल की आवश्यकता:** अच्छी मौखिक और लिखित संचार कौशल, अच्छे विश्लेषणात्मक कौशल, क्रॉस फंक्शनल टीमों के साथ काम करने की क्षमता, विवरण और संगठनात्मक कौशल पर ध्यान। |
| 23 | मुख्य प्रबंधक (उत्पाद अभिनव और बाजार अनुसंधान) | आरईएच–ईबीयू | एसएमजीएस-IV | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 38 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जो विपणन में विशेषज्ञता के साथ डिग्री प्राप्त करते हैं। संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित होने चाहिए) अन्य योग्यता: उम्मीदवार को डेटा व्याख्या एवं डेटा प्रबंधन संबंधित योग्यता होनी चाहिए। | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (अनुभव विशेषज्ञता के संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। **विशिष्ट कौशल की आवश्यकता:** अच्छा विश्लेषणात्मक कौशल। |

**(पृष्ठ 4 पर जारी)**

| पद क्रम संख्या | पद | उपयोगकर्ता विभाग | श्रेणी | रिक्त-पद | | | | | | | | 30.06.2017 को आयु | | 30.06.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 30.06.2017 को निर्धारित उपयुक्त पूर्णकालिक योग्यता पश्चात अनुभव और कौशल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | सामान्य | ओबीसी | एससी | एसटी | ओएच | एचआई | वीआई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 24 | मुख्य प्रबंधक (डेटा व्याख्या / प्रबंधन) | आरईएचबीयू | एसएमजीएस-IV | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 38 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जो विपणन में विशेषज्ञता के साथ डिग्री प्राप्त करते हैं। संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) अन्य योग्यता: उम्मीदवार को डेटा व्याख्या एवं डेटा प्रबंधन संबंधित योग्यता होनी चाहिए। | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 8 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (अनुभव विशेषज्ञता के संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। **विशिष्ट कौशल की आवश्यकता:** अच्छा विश्लेषात्मक कौशल। |
| 25 | प्रबंधक (विपणन) | आरईएचबीयू | एमएमजीएस-III | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 35 | एमबीए या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) (उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जो विपणन में विशेषज्ञता के साथ डिग्री प्राप्त करते हैं। संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (अनुभव विशेषज्ञता के संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। |
| 26 | प्रबंधक (धन-संपदा प्रबंधन, व्यापार प्रक्रिया, प्रबंधक-प्रौद्योगिकी) | धन-संपदा प्रबंधन | एमएमजीएस-III | 1 | 1 | | | | | | | 25 | 35 | बीई/बी-टेक या एमबीए/पीजीडीएम या समकक्ष स्नातक डिग्री और एमबीए/पीजीडीएम /पीजीडीबीएम या समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्ष का पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) संस्थान सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित होने चाहिए) | निम्न में एक कार्यकारी के रूप में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता पश्चात अनुभव (अनुभव विशेषज्ञता के संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए); क) एक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक में या ख) एक सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी में। **विशिष्ट कौशल की आवश्यकता:** धन संपदा प्रबंधन प्लेटफार्मों की स्थापना और संचालन में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। |

**पद का सारांश निम्नानुसार है:**

| क्रम संख्या | पदधारिता | कुल | सामान्य | ओबीसी | एससी | एसटी | ओएच | वीआई | एचआई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमएमजीएस III | 76 | 38 | 20 | 12 | 6 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | एसएमजीएस IV | 45 | 23 | 12 | 7 | 3 | 1 | 1 | |
| कुल | | 121 | 61 | 32 | 19 | 9 | 2 | 2 | 1 |

**नोटः**

(क) उपर्युक्त अधिकारियों को विशेषज्ञ संवर्ग में लिया जाएगा, जिन्हें बैंक में उनके कार्यग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि के बाद सामान्य संवर्ग में रूपांतरित करने का विकल्प दिया जाएगा। इन शुरुआती पांच वर्षों के दौरान वे संबंधित विशेष भूमिकाओं में आवंटित विभाग में काम करेंगे।

(ख) उम्मीदवारों को 30.06.2017 को शैक्षणिक योग्यता को पूरा करना होगा। समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री केवल तब ही स्वीकार्य होगी जब संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज प्रमाणित करें कि प्राप्त डिग्री/डिप्लोमा विज्ञापन में आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के बराबर है।

(ग) यदि डिग्री/डिप्लोमा का प्रमाणपत्र विशेषज्ञता का क्षेत्र निर्दिष्ट नहीं करता है, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय / कॉलेजका एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें विशेष रूप से विशेषज्ञता का उल्लेख किया गया हो।

(घ) ऐसे मामलों में जहां किसी विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव आवश्यक है, प्रासंगिक अनुभव प्रमाणपत्र में विशेष रूप से शामिल होना चाहिए कि उम्मीदवार उस विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

(ङ) प्रशिक्षण/परिवीक्षा अवधि कुल अनुभव की गणना के लिए गणना नहीं की जाएगी।

**संक्षिप्ताक्षर**

**श्रेणी:** अजा – अनुसूचित जाति, अजजा–अनुसूचित जनजाति, अपिव–अन्य पिछड़ा वर्ग, पीडब्ल्यूडी– दिव्यांग व्यक्ति, ओएच–अस्थि बाधित, एचआई–श्रवण बाधित, वीआई–दृष्टि बाधित

**स्केल:** मध्यम प्रबंधन श्रेणी स्केल – III (एमएमजीएस III), वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल – IV (एसएमजीएस IV)

**नोटः**

1. क्रीमी लेयर में आने वाले अपिव श्रेणी के उम्मीदवार अपिव आरक्षण तथा आयु छूट के लिए पात्र नहीं हैं। वे अपनी श्रेणी को सामान्य या सामान्य (ओएच/वीआई/एचआई), जो भी लागू हो, लिखें।
2. आरक्षित रिक्त-पदों को मिलाकर उपरोक्त कुल रिक्त-पदों की संख्या प्रावधिक है तथा बैंक की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार इसमें परिवर्तन किया जा सकता है।
3. अशक्त व्यक्तियों सहित आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार जिनके लिए यहां कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, वे अनारक्षित पदों हेतु घोषित रिक्त-पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं और उन्हें अनारक्षित श्रेणी हेतु लागू सभी शर्तों को पूरा करना होगा।
4. बैंक के पास किसी भी समय इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
5. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. ओबीसी श्रेणी में आरक्षण मांगने के उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में एक घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि वह 01.01.2018 को क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है। ऐसे उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दिनांक 01.04.2017 से साक्षात्कार की तिथि तक जारी किए गए 'गैर- क्रीमी लेयर' खंड वाला ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम हैं। 30.06.2017 को उम्मीदवार के पास योग्यता और प्रासंगिक पूर्णकालिक योग्यता पश्चात अनुभव होना चाहिए।
8. अशक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षण समस्त है और सम्पूर्ण रिक्त-पदों (की संख्या) के अंदर है।
9. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार सक्षम पदाधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए दर्शाई गई है। ऊपरी आयु सीमा में छूट नीचे बताए अनुसार उपलब्ध रहेगी।

(पृष्ठ 5 पर जारी)

11. ऊपरी आयु में छूटः

| क्रम संख्या | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2 | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 3 | शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा) 15 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (अपिव) 13 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (सामान्य) 10 वर्ष |
| 4 | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक बशर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किए गए हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से एक वर्ष में पूरा होने वाला हैं) किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता के कारण सेवामुक्त किया गया है। | 5 वर्ष |
| 5 | वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी, 1980 से 31 दिसम्बर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर राज्य के अधिवासी रहे हैं। | 5 वर्ष |

**टिप्पणी : आयु सीमा संबंधी छूट उपर्युक्त मदों या विभिन्न मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी।**

**(क) जॉब प्रोफ़ाइल:**

| पद क्रम संख्या | पद | उपयोगकर्ता विभाग | श्रेणी | संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | सीएजी | एमएमजीएस-III | • सौंपे गए क्रेडिट प्रस्तावों पर उचित सत्यनिष्ठा से कार्रवाई करना।<br>• मूल्यांकक के रूप में क्रेडिट जोखिम मूल्यांकन प्रस्तावों सहित समीक्षा/नवीनीकरण को समय से पूरा करना।<br>• संस्वीकृति से पूर्व क्रेडिट लेखा परीक्षा में एएमटी के लिए अधिकतम अंक प्राप्त करना।<br>• एएमटी के लिए अग्रिम में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• एएमटी के लिए अन्य आय में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• नए/मौजूदा प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए कार्य पूर्ण करने के समय का पालन करना।<br>• प्रस्तावों के लिए विचार किए जाने वाले एबीएस को आरओसी के साथ दायर करना सुनिश्चित करना।<br>• एएमटी में प्रत्येक यूनिट के लिए संतोषजनक आरएआरओसी (पूंजी पर जोखिम समायोजित आय) की उपलब्धि सुनिश्चित करना। |
| 2 | मुख्य प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | सीएजी | एसएमजीएस-IV | • सौंपे गए क्रेडिट प्रस्तावों पर उचित सत्यनिष्ठा से कार्रवाई करना।<br>• मूल्यांकक के रूप में क्रेडिट जोखिम मूल्यांकन प्रस्तावों सहित समीक्षा/नवीनीकरण को समय से पूरा करना।<br>• संस्वीकृति से पूर्व क्रेडिट लेखा परीक्षा में एएमटी के लिए अधिकतम अंक प्राप्त करना।<br>• एएमटी के लिए अग्रिम में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• एएमटी के लिए अन्य आय में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• नए/मौजूदा प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए कार्य पूर्ण करने के समय का पालन करना।<br>• प्रस्तावों के लिए विचार किए जाने वाले एबीएस को आरओसी के साथ दायर करना सुनिश्चित करना।<br>• एएमटी में प्रत्येक यूनिट के लिए संतोषजनक आरएआरओसी (पूंजी पर जोखिम समायोजित आय) की उपलब्धि सुनिश्चित करना। |
| 3 | प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एमसीजी | एमएमजीएस-III | • सौंपे गए क्रेडिट प्रस्तावों पर उचित सत्यनिष्ठा से कार्रवाई करना।<br>• मूल्यांकक के रूप में क्रेडिट जोखिम मूल्यांकन प्रस्तावों सहित समीक्षा/नवीनीकरण को समय से पूरा करना।<br>• संस्वीकृति से पूर्व क्रेडिट लेखा परीक्षा में एएमटी के लिए अधिकतम अंक प्राप्त करना।<br>• एएमटी के लिए अग्रिम में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• एएमटी के लिए अन्य आय में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• नए/मौजूदा प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए कार्य पूर्ण करने के समय का पालन करना।<br>• प्रस्तावों के लिए विचार किए जाने वाले एबीएस को आरओसी के साथ दायर करना सुनिश्चित करना।<br>• एएमटी में प्रत्येक यूनिट के लिए संतोषजनक आरएआरओसी (पूंजी पर जोखिम समायोजित आय) की उपलब्धि सुनिश्चित करना। |
| 4 | मुख्य प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एमसीजी | एसएमजीएस-IV | • सौंपे गए क्रेडिट प्रस्तावों पर उचित सत्यनिष्ठा से कार्रवाई करना।<br>• मूल्यांकक के रूप में क्रेडिट जोखिम मूल्यांकन प्रस्तावों सहित समीक्षा/नवीनीकरण को समय से पूरा करना।<br>• संस्वीकृति से पूर्व क्रेडिट लेखा परीक्षा में एएमटी के लिए अधिकतम अंक प्राप्त करना।<br>• एएमटी के लिए अग्रिम में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• एएमटी के लिए अन्य आय में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• नए/मौजूदा प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए कार्य पूर्ण करने के समय का पालन करना।<br>• प्रस्तावों के लिए विचार किए जाने वाले एबीएस को आरओसी के साथ दायर करना सुनिश्चित करना।<br>• एएमटी में प्रत्येक यूनिट के लिए संतोषजनक आरएआरओसी (पूंजी पर जोखिम समायोजित आय) की उपलब्धि सुनिश्चित करना। |
| 5 | प्रबंधक (परिसंपत्ति प्रबंधन) | एसएआरजी | एमएमजीएस-III | • ऋण खातों की पुनर्संरचना करना।<br>• सरफेसी, डीआरटी, बिक्री आर्क आदि के लिए विभिन्न तरीकों सहित एनपीए का समाधान करना।<br>• एनसीएलटी के साथ दाखिल करके दिवालियापन और दिवालियापन संहिता के तहत कॉरपोरेट ऋणियों के एनपीए का समाधान, ओटीएस, समझौता के माध्यम से वसूली करना।<br>• एनपीए के लिए प्रावधान में कमी लाना। |
| 6 | मुख्य प्रबंधक (परिसंपत्ति प्रबंधन) | एसएआरजी | एसएमजीएस-IV | • ऋण खातों की पुनर्संरचना करना।<br>• सरफेसी, डीआरटी, बिक्री आर्क आदि के लिए विभिन्न तरीकों सहित एनपीए का समाधान करना।<br>• एनसीएलटी के साथ दाखिल करके दिवालियापन और दिवालियापन संहिता के तहत कॉरपोरेट ऋणियों के एनपीए का समाधान, ओटीएस, समझौता के माध्यम से वसूली करना।<br>• एनपीए के लिए प्रावधान में कमी लाना। |
| 7 | मुख्य प्रबंधक (व्यवसाय विकास, विपणन और एमआईएस रिपोर्टिंग) | एसएमईबीयू | एसएमजीएस-IV | • उद्योग जगत/बेड़े ऑपरेटरों/विक्रेताओं/सर्किल जैसे सभी हितधारकों के लिए एकल संबंध केन्द्र बनना।<br>• नया टाई-अप और मौजूदा टाई-अप का समय पर नवीनीकरण करना।<br>• निगरानी के लिए उत्पाद/पहल वार आंकड़ों पर कब्जा, विश्लेषण और रिपोर्ट प्रस्तुत करना।<br>• सर्किलों/उद्योग की बड़ी कंपनियों/बेड़े ऑपरेटरों/अन्य सीसी विभागों के साथ संपर्क करना।<br>• मंडलों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना। |
| 8 | प्रबंधक (व्यवसाय विकास और विपणन) | एसएमईबीयू | एमएमजीएस-III | • सर्किल स्तर पर एकल केन्द्र बनना।<br>• निगरानी के लिए उत्पाद/पहल वार आंकड़ों पर कब्जा, विश्लेषण और रिपोर्ट प्रस्तुत करना।<br>• स्थानीय स्तर पर कॉर्पोरेट केंद्र/शाखाओं/उद्योग मेजर/बेड़े ऑपरेटरों के साथ संपर्क स्थापित करना।<br>• सर्किल में डीजीएम (एसएमई) को मार्केटिंग समर्थन देना।<br>• शाखाओं के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना। |

**(पृष्ठ 6 पर जारी)**

| पद क्रम संख्या | पद | उपयोगकर्ता विभाग | श्रेणी | संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल |
|---|---|---|---|---|
| 9 | प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एसएमईबीयू | एमएमजीएस-III | • प्रस्ताव का समय पर कार्रवाई करके ऋणी ग्राहकों को ऋण का त्वरित वितरण सुनिश्चित करना।<br>• शाखा के ऋण पोर्टफोलियो में वृद्धि के लिए योगदान करना।<br>• व्यापार/व्यवसाय विकास को बनाए रखने के लिए ऋणी ग्राहकों के साथ संपर्क बनाए रखना।<br>• उत्पादों की क्रॉस बिक्री करना।<br>• ऋण उत्पादों का समय पर समीक्षा/नवीकरण करना। |
| 10 | प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | आईबीजी | एमएमजीएस-III | • सौंपे गए क्रेडिट प्रस्तावों पर उचित सत्यनिष्ठा से कार्रवाई करना।<br>• मूल्यांकक के रूप में क्रेडिट जोखिम मूल्यांकन प्रस्तावों सहित समीक्षा/नवीनीकरण को समय से पूरा करना<br>• संस्वीकृति से पूर्व क्रेडिट लेखा परीक्षा में एएमटी के लिए अधिकतम अंक प्राप्त करना।<br>• एएमटी के लिए अग्रिम में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• एएमटी के लिए अन्य आय में बजट वृद्धि को प्राप्त करने में रिलेशनशिप मैनेजर की सहायता करना।<br>• नए/मौजूदा प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए कार्य पूर्ण करने के समय का पालन करना।<br>• प्रस्तावों के लिए विचार किए जाने वाले एबीएस को आरओसी के साथ दायर करना सुनिश्चित करना।<br>• एएमटी में प्रत्येक यूनिट के लिए संतोषजनक आरएआरओसी (पूंजी पर जोखिम समायोजित आय) की उपलब्धि सुनिश्चित करना। |
| 11 | मुख्य प्रबंधक (रिलेशनशिप और सिंडिकेशंस प्रबंधन) | आईबीजी | एसएमजीएस-IV | • ईसीबी या एफसीटीएल आवश्यकताओं के विपणन के लिए प्रमुख भारतीय कार्पोरेट्स की वित्तीय टीमों के साथ बातचीत करना।<br>• सभी प्रमुख उद्योगों में नवीनतम घटनाओं और समाचारों पर एक नजर रखते हुए और नए व्यावसायिक अवसरों की खोज करना।<br>• बैलेंस शीट्स का विश्लेषण करना, क्रेडिट समितियों द्वारा स्वीकृति के लिए अन्य परियोजना संबंधी जानकारी रखना।<br>• एसबीआई की विभिन्न विदेशी शाखाओं में क्रेडिट और सिंडिकेशंस टीम के साथ बातचीत करना।<br>• विदेशी कार्यालयों के साथ समन्वय में दस्तावेज़ीकरण की सुविधा प्रदान करना।<br>• नए एफसीटीएल अवसरों के लिए विभिन्न बैंकों के साथ ऐसे सिंडिकेशन सौदों में संपर्क करना, जहां एसबीआई का उनमें हिस्सा नहीं है और वे द्वितीयक बाजार सौदे है।<br>• एसबीआई द्वारा सिंडिकेटेड सौदों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से सिंगापुर, ताइवान और हांगकांग क्षेत्रों में विभिन्न बैंकों के साथ संबंध बनाना।<br>• सिंडिकेशन के लिए आमंत्रित पत्र, सूचना ज्ञापन और प्रस्तुतियों को तैयार करना।<br>• ऋण का समय पर वितरण और आय की बुकिंग सुनिश्चित करना।<br>• खातों की समय-समय पर समीक्षा के लिए विदेशी शाखाओं के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।<br>• स्वीकृति पदों या संबंधित अनुमोदनों में परिवर्तन के लिए ज्ञापन की समीक्षा करना। |
| 12 | प्रबंधक (उच्च मूल्य कृषि व्यवसाय विकास) | एबीयू | एमएमजीएस-III | • शाखाओं द्वारा कृषि ऋण के टीएटी में संचालन की लागत में कटौती और कटौती से संबंधित नई पहलों का विकास करना।<br>• कृषि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण देने की उपलब्धि के लिए विकास कार्यनीतियां बनाना। |
| 13 | मुख्य प्रबंधक (उच्च मूल्य कृषि व्यवसाय विकास) | एबीयू | एसएमजीएस-IV | • शाखाओं द्वारा कृषि ऋण के टीएटी में संचालन की लागत में कटौती और कटौती से संबंधित नई पहलों का विकास करना।<br>• कृषि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण देने की उपलब्धि के लिए विकास कार्यनीतियां बनाना। |
| 14 | मुख्य प्रबंधक (डेबिट कार्ड व्यवसाय) | डीबी और एनबी | एसएमजीएस-IV | • व्यापारिक परिप्रेक्ष्य से मौजूदा/नए उपभोक्ता और वाणिज्यिक डेबिट कार्ड पोर्टफोलियो के दिन-प्रतिदिन प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होना।<br>• प्रमुख व्यवसाय हितधारकों, प्रौद्योगिकी भागीदारों, कार्ड नेटवर्क, कार्ड निर्माता और नियामक भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए जिम्मेदार होना।<br>• उत्पाद सुविधाओं के लिए जिम्मेदार, अवसरों की पहचान करना, उत्पाद की लाभप्रदता को समझना और डेबिट कार्ड व्यवसाय का उचित निरीक्षण करना।<br>• डेबिट कार्ड/भुगतानों में नवाचारों का पालन करने और कार्यान्वियन के लिए अवसरों की सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार होना।<br>• डेबिट कार्ड के उत्पाद संवर्द्धन और मूल्य प्रस्तावों को विकसित करने और कार्यान्वित करने के लिए उपभोक्ता व्यवहार और प्राथमिकताओं का विश्लेषण करके, प्रतिस्पर्धात्मक सर्वोत्तम अभ्यास आदि के लिए जिम्मेदार होना।<br>• डेबिट कार्ड के खर्च की निगरानी और ड्राइविंग के लिए जिम्मेदार होना।<br>• प्रवृत्तियों की पहचान और कार्ड सुरक्षा बढ़ाने के लिए उपायों की अनुशंसा जबकि ग्राहक सुविधा संरक्षण करना।<br>• क्रॉस-फंक्शनल प्रोजेक्ट टीमों का उपयोग करके पूरे प्रोजेक्ट लाइफस्टाइल में पहल शुरू करना, योजना बनाना और प्रबंध करना<br>• उत्पाद विकास के लिए जिम्मेदार होना जिसमें शामिल हैं व्यावसायिक आवश्यकताओं के दस्तावेज (बीआरडी) तैयार करना।<br>प्रक्रिया के प्रवाह, व्यावसायिक नियम, लेखा प्रविष्टियां, उत्पाद मूल्य निर्धारण, प्रक्रिया सुधार, मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) को परिभाषित करना, शिकायत निवारण मैट्रिक्स डिजाइन करना, व्यापार मामलों का विश्लेषण करना, विनियामक अनुपालन, बाजार की कार्यनीति तैयार करना, समस्या का निवारण करना, ग्राहक संबंधी बोर्डिंग कार्यनीति आदि बनाना। |
| 15 | प्रबंधक (व्यापारी अधिग्रहण व्यवसाय) | डीबी और एनबी | एमएमजीएस-III | • मौजूदा कॉर्पोरेट ग्राहकों के दिन-प्रतिदिन प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होना।<br>• प्रमुख व्यापार हितधारकों, प्रौद्योगिकी भागीदारों, कार्ड नेटवर्क, बैंक अधिकारियों, आंतरिक आईटी टीमों और अन्य व्यावसायिक इकाइयों के साथ मिलकर काम करने के लिए जिम्मेदार होना।<br>• मूल्य वर्धित उत्पाद पेशकशों और ग्राहक आधार का प्रबंध करना।<br>• नए कॉर्पोरेट ग्राहकों का रूपांतरण करना।<br>• व्यापारी अधिग्रहण व्यवसाय की गहराई से समझ रखना।<br>• भुगतान उद्योग में नवाचारों से अवगत रहना।<br>• उत्पाद पेशकशों को युक्तिसंगत बनाने के लिए मौजूदा ग्राहक आधार का विश्लेषण करना।<br>• उत्पाद विकास के लिए जिम्मेदार होना जिसमें शामिल हैं व्यावसायिक आवश्यकताओं के दस्तावेज (बीआरडी) तैयार करना।<br>• प्रक्रिया के प्रवाह, व्यावसायिक नियम, लेखा प्रविष्टियां, उत्पाद मूल्य निर्धारण, प्रक्रिया सुधार, मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) को परिभाषित करना, शिकायत निवारण मैट्रिक्स डिजाइन करना, व्यापार मामलों का विश्लेषण करना, विनियामक अनुपालन, बाजार की कार्यनीति, समस्या निवारण करना, ग्राहक पर बोर्डिंग रणनीति आदि।<br>• विनियामक परिवर्तन, प्रतियोगिता, उपभोक्ता रुझान और बाजार अनुसंधान के आधार पर सिफारिशें करने के लिए जिम्मेदार होना।<br>• व्यापार में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए व्यापार पद्धति की निगरानी और विश्लेषण करना।<br>व्यवसाय प्राप्त करने के लिए सर्किल में विपणन और विक्रय संघों का मार्गदर्शन करना, बड़े सौदों को बंद करने सहित उन्हें हैन्डल करना। |
| 16 | मुख्य प्रबंधक (डिजिटल बैंकिंग) | डीबी और एनबी | एसएमजीएस-IV | • नए डिजिटल प्लेटफार्मों के विकास को संभालना जैसे पी2पी/पी2एम मॉड्यूल के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस, बीएचआईएम प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण करना।<br>• यूपीआई के लिए मर्चेंट पारिस्थितिकी तंत्र का विकास सहित बैंकों पर यूपीआई प्रणाली, व्यापार समझौते और संबंधित तकनीकी दस्तावेज, व्यापारी पोर्टल की किसी और चीज को संभालने/ऑनबोर्डिंग व्यापारियों की पहचान करना।<br>• यूपीआई/क्यूआर/आधार आधारित भुगतान के लिए व्यापारियों के साथ बैंक के यूपीआई आवेदन का एकीकरण, व्यापारियों की जरूरतों के मुताबिक लेखा/सुलह प्रक्रियाओं का विकास करना।<br>• भारत क्यूआर, आधार भुगतान प्रणाली, बीबीपीएस और बैंक आईएनबी, आईएनबी सहित मोबाइल प्लेटफॉर्म, मोबाइल एप्लिकेशन के साथ यूपीआई आवेदन का एकीकरण।<br>• प्रमुख व्यापारिक हितधारकों, प्रौद्योगिकी भागीदारों, एनपीसीआई, ई-कॉमर्स भागीदारों/व्यापारियों और नियामक भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए जिम्मेदार होना।<br>• नए उत्पादों को शुरू करना जिसमें शामिल है ईमंडी/एपीएमसी प्लेटफार्मों का अंकीयकरण, बैंकों के डिजिटल मंच पर ऑनबोर्डिंग के लिए सर्किलों, कृषि/एपीएमसी विभागों के समन्वय के लिए जिम्मेदार होना।<br>• एनएएम की पहल के लिए सरकारी विभाग के समन्वय सहित अवसरों की पहचान करना।<br>• डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म्स में नवाचारों के समान रखने और कार्यान्वयन के लिए नए अवसरों की पहचान करने के लिए जिम्मेदार होना।<br>• उत्पाद विकास जिसमें शामिल हैं व्यावसायिक आवश्यकताओं के दस्तावेज (बीआरडी) की तैयारी। प्रक्रिया के प्रवाह, व्यवसाय नियम, लेखा प्रविष्टियां, उत्पाद मूल्य निर्धारण, प्रक्रिया सुधार, मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) को परिभाषित करना, शिकायत निवारण मैट्रिक्स डिजाइन करना, व्यापार मामलों का विश्लेषण करना, विनियामक अनुपालन, बाजार की कार्यनीति, समस्या निवारण करना, ग्राहक पर बोर्डिंग कार्यनीति बनाना आदि।<br>• लक्षित संचार/विपणन और प्रचार सहित, अनुकूलित और अभिनव डिजिटल समाधान प्रदान करके भुगतान मंच पर ग्राहक अधिग्रहण।<br>• विनियामक परिवर्तन, प्रतियोगिता, उपभोक्ता रुझान और बाजार अनुसंधान के आधार पर सिफारिशें करने के लिए जिम्मेदार होना। |

(पृष्ठ 7 पर जारी)

| पद क्रम संख्या | पद | उपयोगकर्ता विभाग | श्रेणी | संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल |
|---|---|---|---|---|
| 17 | प्रबंधक (एचएनआई विपणन और प्रचार) | पीबीबीयू | एमएमजीएस-III | • प्रतिस्पर्धा और बाजार अनुसंधान का विश्लेषण करना।<br>• प्रचार गतिविधियों की कार्यनीति बनाना और कार्यान्वयन करना।<br>• अप्सेलिंग और क्रॉस सेलिंग के लिए संभावित अन्वेषण करना।<br>• एचएनआई ग्राहकों से मिलना।<br>• डेटाबेस और एमआईएस का विकास और रखरखाव करना। |
| 18 | मुख्य प्रबंधक (उत्पाद विकास और प्रबंधन: शिक्षा ऋण) | पीबीबीयू | एसएमजीएस-IV | • प्रतिस्पर्धा और बाजार अनुसंधान का विश्लेषण करना।<br>• प्रचार गतिविधियों की कार्यनीति बनाना और कार्यान्वयन करना।<br>• अप्सेलिंग और क्रॉस सेलिंग के लिए संभावित अन्वेषण करना।<br>• एचएनआई ग्राहकों से मिलना।<br>• डेटाबेस और एमआईएस का विकास और रखरखाव करना। |
| 19 | मुख्य प्रबंधक (उत्पाद विकास और प्रबंधन: सीआईटीयू) | पीबीबीयू | एसएमजीएस-IV | • प्रतिस्पर्धा और बाजार अनुसंधान का विश्लेषण करना।<br>• प्रचार गतिविधियों की कार्यनीति बनाना और कार्यान्वयन करना।<br>• अप्सेलिंग और क्रॉस सेलिंग के लिए संभावित अन्वेषण करना।<br>• एचएनआई ग्राहकों से मिलना।<br>• डेटाबेस और एमआईएस का विकास और रखरखाव करना। |
| 20 | मुख्य प्रबंधक (उत्पाद विकास और प्रबंधन: परिचालन) | पीबीबीयू | एसएमजीएस-IV | • प्रतिस्पर्धा और बाजार अनुसंधान का विश्लेषण करना।<br>• प्रचार गतिविधियों की कार्यनीति बनाना और कार्यान्वयन करना।<br>• अप्सेलिंग और क्रॉस सेलिंग के लिए संभावित अन्वेषण करना।<br>• एचएनआई ग्राहकों से मिलना।<br>• डेटाबेस और एमआईएस का विकास और रखरखाव करना। |
| 21 | प्रबंधक (एचएनआई बैंकिंग और रिलेशनशिप प्रबंधन) | पीबीबीयू | एमएमजीएस-III | • प्रतिस्पर्धा और बाजार अनुसंधान का विश्लेषण करना।<br>• उत्पाद कामगिरी और कार्यनीति पर बाजार सर्वेक्षण करना।<br>• प्रचार गतिविधियों/अभियानों के लिए कार्यनीति बनाना और कार्यान्वयन करना।<br>• संचालन के स्तर पर और समीक्षा पर उत्पाद के प्रदर्शन पर नजर रखना।<br>• डेटाबेस और एमआईएस का रखरखाव। |
| 22 | प्रबंधक (डिजिटल विपणन) | आरईएचबीयू | एमएमजीएस-III | डिजिटल पहल और विक्रेता संबंधों के लिए जिम्मेदार होना। |
| 23 | मुख्य प्रबंधक (उत्पाद अभिनव और बाजार अनुसंधान) | आरईएचबीयू | एसएमजीएस-IV | डेटा खनन और इसकी व्याख्या के लिए जिम्मेदार होना। |
| 24 | मुख्य प्रबंधक (डेटा व्याख्या / प्रबंधन) | आरईएचईबीयू | एसएमजीएस-IV | डेटा खनन और इसकी व्याख्या के लिए जिम्मेदार होना। शीर्ष प्रबंधन को विभिन्न रिपोर्टों को समय पर प्रस्तुत करना। सॉफ्टवेयर तकनीकों का उपयोग करके पोर्टफोलियो विश्लेषण करना। |
| 25 | प्रबंधक (विपणन) | आरईएचईबीयू | एमएमजीएस-III | • परियोजना की मंजूरी के माध्यम से बुक किए जाने वाले व्यवसाय को बढ़ाना।<br>• एचएल व्यवसाय बढ़ाने के लिए बिल्डर्स/डेवलपर्स के साथ संबंधों को सुधारना।<br>• कॉर्पोरेट केंद्र द्वारा शुरू की गई विपणन अभियानों की निगरानी और निष्पादन करना।<br>• पारंपरिक चैनलों द्वारा उत्पन्न गृह ऋण व्यवसाय की निगरानी और ट्रैकिंग करना।<br>• ओसीएएस, ओपीएएस, सीआरएम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से एचएल व्यवसाय को बढ़ाना।<br>• सर्किल/कॉरपोरेट सेंटर को मार्केट रिसर्च डेवलपमेंट्स पर प्रतिक्रिया देना।<br>• सर्किल आरई/कारपोरेट सेंटर री डिपार्टमेंट्स के साथ समन्वय करना।<br>• बिल्डर टाई अप मार्ग के माध्यम से व्यवसाय बढ़ाना।<br>• संबंधित सर्किल में एचएल उत्पादों/सेवाओं के बाजार के लिए पीआर विभाग के साथ समन्वय करना। एचएल व्यवसाय में सुधार के लिए नए अभिनव तरीके के बारे में सोचना। |
| 26 | प्रबंधक (धन-संपदा प्रबंधन, व्यापार प्रक्रिया, प्रबंधक-प्रौद्योगिकी) | धन-संपदा प्रबंधन | एमएमजीएस-III | • वेल्थ प्लेटफॉर्म की प्रमुख विशेषताओं को बढ़ाना जिसमें अन्य पक्षकारों के साथ संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाना, एक एकीकृत मोबाइल ऐप विकसित करना, ग्राहक पोर्टल में विस्तार करना आदि शामिल हैं।<br>• नई प्रमुख विशेषाओं को एकत्रित, संघटित आदि करना आवश्यक।<br>• नए केन्द्रों में वेल्थ प्लेटफॉर्मों को लागू करना।<br>• नए दूरस्थ केन्द्र (ई-वेल्थ) वाले स्थानों पर दूरस्थ आरएम प्लेटफॉर्म की शुरुआत करना।<br>• दूरस्थ आरएम केन्द्रों के लिए पीआरआई लाइन्स, एमपीएलसी, कनेक्टिविटी आदि जैसी टेलीफोन संबंधी अपेक्षाएं स्थापित करना।<br>• नए केन्द्रों, आदि के लिए कंप्यूटर और नेटवर्क आधारिक संरचना की व्यवस्था करना विभिन्न व्यवसाय केन्द्रों, शाखाओं और दूरस्थ केन्द्र के साथ-साथ सेन्ट्रल टीमों के लिए हार्डवेयर, लाइसेंस और आधारिक संरचना से संबंधित इनवेंटरी प्रबंधन और सभी प्रकार की टेक्नॉलोजी प्राप्त करना।<br>• उपर्युक्त उल्लिखित सभी घटकों का रखरखाव करना। |

**टिप्पणी:** ऊपर उल्लिखित जॉब प्रोफाइल के अलावा, बैंक द्वारा समय-समय पर किसी भी पद के लिए अन्य भूमिकाएँ भी सौंपी जा सकती है।

**(ख) परिलब्धियाँ:**

| श्रेणी | वेतनमान | अनुमानित वार्षिक परिलब्धियाँ (लगभग लाख रुपए में) |
|---|---|---|
| मध्यम प्रबंधन श्रेणी स्केल – III (एमएमजीएस III) | 42020-1310/5-48570-1460/2-51490 | ₹18 लाख |
| वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल – IV (एसएमजीएस IV) | 50030-1460/4-55870-1650/2-59170 | ₹22 लाख |

केन्द्र/स्थान के अनुसार परिलब्धियों मे बदलाव होगा। अलग अलग श्रेणियों का वेतनमान ऊपर दिया गया है। अधिकारी डीए, एचआरए, सीसीए, पीएफ, अंशदायी पेन्शन फंड, एलएफसी, मेडीकल सुविधा आदि के लिए समय-समय पर बदलते नियमों के अनुसार पात्र होंगे।

**(ग) प्रोबेशनः** बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

**(घ) पोस्टिंग का स्थानः** बैंक की आवश्यकता के अनुसार उम्मीदवारों को किसी भी जगह पर तैनात किया जा सकता है।

**(ङ) चयन प्रक्रिया:**

चयन शॉर्ट लिस्टिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

**साक्षात्कार:** केवल न्यूनतम योग्यता और अनुभव को पूरा करने से किसी उम्मीदवार को साक्षात्कार में बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता। बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग के पैरामीटर्स निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा निर्धारित पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाने के बारे में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**मेरिट सूची:** मेरिट सूची अवरोही क्रम में केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा कट ऑफ़ मार्क प्राप्त करने पर (कट ऑफ़ बिंदु पर कामन मार्क), उम्मीदवारों की चयन सूची उनकी उम्र के हिसाब से अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी।

**(च) आवेदन कैसे करें:** उम्मीदवारों की वैध ई-मेल आईडी होना चाहिए जिसे उन्हें परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखना होगा। इससे उन्हें कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

**क. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश:**

i) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** और **https://www.sbi.co.in/careers** के माध्यम से स्वयं को ऑनलाइन पंजीकृत कर और डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक होगा।

ii) उम्मीदवारों को पहले अपने फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं किए जा सकेंगे जब तक उम्मीदवार निर्दिष्ट तरीके से अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड न कर दिए हों। साक्षात्कार के समय एक ही फोटो की पर्याप्त प्रतियां उपयोग के लिए बनाकर रखी जानी चाहिए। साक्षात्कार के समय में वैसा ही फोटो प्रस्तुत न करने पर उम्मीदवार को अपात्र ठहराया जा सकता है।

**(पृष्ठ 8 पर जारी)**

iii) उम्मीदवार को बैंक की वेबसाइट **https://www.sbi.co.in/careers** पर उपयुक्त ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्मेट खोलना चाहिए।

iv) आवेदन ध्यान से भरें। एक बार आवेदन पूरी तरह से भरने पर, उम्मीदवार को डेटा सबमिट करना चाहिए। एक ही बार में डेटा न भर पाने की स्थिति में, वह पहले से दर्ज डेटा को सेव कर सकता है। जब डेटा सेव करते हैं, तो सिस्टम द्वारा एक (provisional) अनंतिम पंजीकरण नम्बर और पासवर्ड सृजित किया जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। उम्मीदवार को अपनी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लेना चाहिए। पंजीकृत नंबर और पासवर्ड का उपयोग कर वे सेव किए डेटा को फिर से खोल सकते हैं और आवश्यक हो, तो विवरणों में संशोधन कर सकते हैं। यह सुविधा केवल तीन बार ही उपलब्ध होगी। अतः आवेदन पूरी तरह भरने के बाद, उम्मीदवार डेटा सबमिट करे और ऑनलाइन से शुल्क का भुगतान करे।

**शुल्क भुगतान:**

i) आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (वापसी योग्य नहीं) सामान्य और ओबीसी श्रेणी के लिए ₹ 600/– और अन्य आरक्षित श्रेणियों के लिए ₹ 100/– रहेगा। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए (केवल सूचना प्रभार)

ii) शुल्क भुगतान उस समय उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा।

iii) आवेदन फार्म में विवरणों की सत्यता सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवारों को एकीकृत पेमेंट गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। उसके बाद किसी परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं होगी।

iv) स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी उपलब्ध कराकर भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। ऑनलाइन भुगतान के लिए लेनदेन प्रभार, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा।

v) लेनदेन के सफल होने पर, तिथि के साथ उम्मीदवार की ई–रसीद और आवेदन पत्र सृजित होगा। उम्मीदवार इसका प्रिंट लेकर अपने पास रख लें।

vi) अगर ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक संपन्न नहीं होता हो, तो कृपया फिर से पंजीकरण करें और ऑनलाइन भुगतान करें।

vii) शुल्क विवरण वाली ई–रसीद और आवेदन फार्म का प्रिंट बाद में भी किया जा सकता है।

**(छ) आवेदन की प्रतियां (पंजीकृत ऑनलाइन) और साथ में स्वयं द्वारा सत्यापित फोटोकॉपी (i) आईडी प्रूफ़ (ii) जन्म तिथि का प्रमाण (iii) शैक्षणिक प्रमाणपत्रः अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (iv) अनुभव प्रमाणपत्र (v) संक्षिप्त रिज्यूम (vi) शुल्क भुगतान के लिए यथा प्रयोज्य ई–रसीद, भारतीय स्टेट बैंक, केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, तृतीय तल, अटलांटा बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021 को डाक द्वारा भेजी जानी चाहिए, जो हमारे पास 12.02.2018 तक पहुँच जानी चाहिए।**

**लिफाफे के ऊपर पद क्रम संख्या और पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया हो, लिखा हुआ होना चाहिए। उपरोक्त तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त न होने पर, शॉर्ट लिस्टिंग और साक्षात्कार के लिए उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**(ज) उम्मीदवार को आवेदन पत्र के ऑनलाइन पंजीकरण के समय में निम्नलिखित दस्तावेजों को अपलोड करना होगा, जो कि उपरोक्त उल्लिखित रूप में भेजी जाने वाली हार्ड कॉपी के अतिरिक्त है (छ):**

(i) संक्षिप्त रिज्यूम (DOC or DOCX)

(ii) आईडी प्रूफ़ (PDF)

(iii) जन्म तिथि का प्रमाण (PDF)

(iv) शैक्षणिक प्रमाणपत्र (PDF)

(v) अनुभव प्रमाणपत्र (PDF)

**दस्तावेज अपलोड के लिए दिशानिर्देश निम्नानुसार है:**

(i) कृपया सुनिश्चित करें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ स्पष्ट और पठनीय हैं।

(ii) अपलोड हो जाने पर, प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में बदलाव नहीं किया जा सकता है।

**दस्तावेज:**

(i) सभी दस्तावेज PDF में होने चाहिए, सिवाय Resume के, जो कि DOC या DOCX प्रारूप में होना चाहिए।

(ii) दस्तावेज़ का पृष्ठ आकार A4 होना चाहिए।

(iii) फाइल का आकार 500 KB से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) दस्तावेज को स्कैन किए जाने के मामले में, कृपया सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ (PDF) में सेव किया गया है और जो 500 KB से अधिक आकार का नहीं हो। यदि फ़ाइल का आकार 500 KB से अधिक है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग जैसे डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, रंगों की संख्या को समायोजित करें।

**दस्तावेज़ स्कैनिंग:**

(i) स्कैनर रिज़ॉल्यूशन कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) सेट करें।

(ii) रंग को ट्रू कलर में सेट करें।

(iii) फाइल आकार उपरोक्त निर्दिष्ट के अनुसार।

(iv) स्कैनर में इमेज को प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेजों के किनारे तक क्रॉप करें, फिर निर्यात / पीडीएफ के रूप में सेव करें (जैसा ऊपर उल्लिखित है)।

(v) यदि फ़ाइल का आकार और प्रारूप निर्दिष्ट रूप में नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित किया जाएगा।

**दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:**

(i) प्रत्येक दस्तावेज़ को अपलोड करने के लिए अलग–अलग लिंक होंगे।

(ii) संबंधित लिंक अपलोड करें पर क्लिक करें।

(iii) जहाँ पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फ़ाइल सेव की गई है वहाँ उस स्थान को ब्राउज़ करें और चुनें।

(iv) उस पर क्लिक करके फाइल का चयन करें।

(v) 'अपलोड' बटन पर क्लिक करें।

(vi) दस्तावेज को अपलोड करने की पुष्टि करने के लिए पूर्वावलोकन पर क्लिक करें और आवेदन सबमिट करने से पहले ठीक से देखें।

(vii) जमा करने के बाद, अपलोड किए गए दस्तावेज़ों को बदला नहीं जा सकता।

**(झ) साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**

**साक्षात्कार के लिए सूचना/कॉल लेटर ई–मेल द्वारा भेजे जाएंगे या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किये जायेंगे। कोई हार्ड प्रति नहीं भेजी जायेगी।**

**(ण) सामान्य निर्देश:**

i) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए।

ii) सरकारी/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें यात्रा भत्ता, यदि कोई हो, जो अन्यथा स्वीकार्य भी है, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

iii) चयन हो जाने के मामले में, ऐसे उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र लेते समय नियोक्ता से प्राप्त कार्य–मुक्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

iv) यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

v) अपिव श्रेणी में आरक्षण मांगने वाले उम्मीदवार द्वारा निधारित प्रारूप में एक घोषणा प्रस्तुत करनी होगी जिसमें लिखा होगा कि वह 01.01.2018 को क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर, उम्मीदवार को 01.04.2017 से साक्षात्कार तिथि तक की अवधि के दौरान जारी किया अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र,जिसमें नॉन–क्रिमी लेयर क्लॉज शामिल हो, प्रस्तुत करना होगा।

vi) उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से काफ़ी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम तिथि का इंतजार न करें ताकि इंटरनेट पर भारी बोझ या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में डिस्कनेक्शन/असमर्थता/विफलता की संभावना से बचा जा सके।

vii) भारतीय स्टेट बैंक के नियंत्रण से परे उपर्युक्त कारणों पर या किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों के अंतिम तिथि के अंदर अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

viii) **भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलने पर कि यह उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तथा/अथवा उसने कोई भी गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या कोई भी तथ्य छुपाया/छुपाएं हैं तो उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी। ये कमियां नियुक्ति के बाद भी पता चलती हैं, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।**

ix) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सूचनाएं, अर्थात कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपना ई–मेल आईडी सक्रिय रखें।

x) **सभी मामलों में पात्रता, साक्षात्कार संचालन, अन्य परीक्षा और चयन पर बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन या पत्र–व्यवहार का बैंक द्वारा जवाब नहीं दिया जाएगा।**

xi) चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उसके चिकित्सा की दृष्टि से फिट घोषित होने के अध्यधीन रहेगी। ऐसी नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए, बैंक में कार्य–ग्रहण करने के समय लागू बैंक के सेवा और आचरण नियमों के तहत होगी।

xii) एकल पद के लिए एकाधिक आवेदनों के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार जब्त कर लिया जाएगा। साक्षात्कार में एकल पद के लिए एक उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक बार उपस्थित होने पर उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा/उसकी उम्मीदवारिता को रद्द कर दिया जाएगा।

xiii) इस विज्ञापन तथा/अथवा इसके जवाब में प्राप्त किसी आवेदन से संबंधित किसी भी दावे या विवाद के किसी भी मामले में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरू की जा सकती है और ऐसे कारण/विवाद का निपटान करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार केवल मुंबई स्थित न्यायालय/अधिकरण/मंच के पास ही रहेगा।

**यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर भी उपलब्ध है।**

**प्रिंटिंग में त्रुटि के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है। किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विस्तृत विज्ञापन मान्य होगा।**

मुंबई – 400021
दिनांक: 16.01.2018

**महाप्रबंधक**